# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
## पीठासीन अधिकारी श्री विकास पंचोली (आर.ए.एस)

.प्रकरण संख्या 09/2020

### अनवान

1 श्री अशोक कुमार पिता स्व. श्री नाथू लाल कुमावत नि. रेल्वे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा।

—प्रार्थी

### बनाम

1 श्री रमेशचन्द्र पिता स्व. श्री नाथूलाल कुमावत नि. रेल्वे स्टेशन हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा।

2 श्री अमर चन्द्र पिता गोरू बंजारा नि. नया तालाब तह. गंगरार जिला चितौडगढ।

3 श्री गंगाराम पिता पृथ्वीराज बंजारा नि. नया तालाब तह. गंगरार जिला चितौडगढ।

4 श्री बंशीलाल पिता गंगराम बंजारा नि. नया तालाब तह. गंगरार जिला चितौडगढ।

5 श्री सादिया लाल पिता गंगराम बंजारा नि. नया तालाब तह. गंगरार जिला चितौडगढ।

6 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।

—अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956**
**निर्णय दिनांक 19.11.2020**

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूँ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 20.01.2020 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ में उसके खाते की कृषि भूमि की खाता संख्या 43 की आ.न. 147 रकबा 0.3667 है0, आ.न. 148/1 रकबा 0.1265 है0, आ.न. 156/4 रकबा 0.1644 है0, आ.न. 156/6 रकबा 0.0126 है0, आ.न. 157/1 रकबा 0.1770 है0, आ.न. 158 रकबा 0.5058 है0, कुल किता 06 कुल रकबा 1.3530 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 20.01.2020 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 1 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। विपक्षी संख्या 2,3,4,5 अदम तामील प्राप्त। इस पर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा नियम सुनवाई पर उपस्थित होकर विपक्षी संख्या 2,3,4,5 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहने का कथन रखते हुए इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी का निवेदन स्वीकार कर प्रा0पत्र में विपक्षी संख्या 2,3,4,5 का नाम डिलीट किये जाने की आज्ञा पारित की गई है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

### आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ में उसके खाते की कृषि भूमि की खाता संख्या 43 की आ.न. 147 रकबा 0.3667 है0, आ.न. 148/1 रकबा 0.1265 है0, आ.न. 156/4 रकबा 0.1644 है0, आ.न. 156/6 रकबा 0.0126 है0, आ.न. 157/1 रकबा 0.1770 है0, आ.न. 158 रकबा 0.5058 है0, कुल किता 06 कुल रकबा 1.3530 है0 भूमि स्थित है** । जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 600/— पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदसयगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 19.11.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ